एक नजर में

उत्कृष्ट विद्यालय बैहर में छात्र प्रतिनिधियों का हुआ चुनाव

बालाघाट। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बैहर में शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए छात्र प्रतिनिधियों का चुनाव 01 अगस्त को सम्पन्न कराया गया। विद्यालय के प्राचार्य श्री आलोक चौरे द्वारा बताया गया कि निर्वाचन प्रक्रिया संस्था के शिक्षक राजकुमार चौहान एवं मनोहर मरकाम द्वारा संपन्न कराया गया। निर्वाचन के माध्यम से शाला नायक, शाला उपनायक एवं छात्रा प्रतिनिधि का चयन किया गया। इसके साथ ही विद्यालय की अनुशासन समिति, क्रीड़ा समिति, छात्रा सुरक्षा समिति आदि समितियां का गठन किया गया। चुनाव में शाला नायक पृथ्वी यादव, शाला उपनायक साकेत मरावी, छात्रा प्रतिनिधि कु. संध्या धुर्वे एवं छात्रा उप प्रतिनिधि कु. शिवानी सिन्दराम निर्वाचित हुए। निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को विद्यालय की वरिष्ट शिक्षिका श्रीमती लक्ष्मी वारके के द्वारा शपथ दिलाई गई।

नि :शुल्क मोतियाबिंद जांच ऑपरेशन एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

बालाघाट। पुलिस प्रशासन प्योरिटी सर्विसेज जैन हॉस्पिटल बालाघाट देवजी नेत्रालय जबलपुर असाटी दवाखाना एवं अश्रित फाउंडेशन मोहगांव के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के अंतर्गत आज 2 अगस्त को मलाजखंड अंतर्गत पाथरी चौकी में विशाल निशुल्क मोतियाबिंद जांच ऑपरेशन एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सकों द्वारा शिविर में लगभग 250 मरीजों की जांच की गई जिसमें मलेरिया के लगभग 90 मरीजों की मलेरिया की जांच की गई जिसमें कुल 3 मरीज मलेरिया पॉजीटिव पाए गए जिन्हें उपचार के लिए बालाघाट भेजने की व्यवस्था की गई ।

ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से किया गया लाभांवित

किरनापुर। बालाघाट रेंज के पुलिस महानिरीक्षक संजय कुमार, कलेक्टर मृणाल मीना एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ की उपस्थिति में 02 अगस्त को जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के अंतर्गत किरनापुर विकासखंड की ग्राम पंचायत कंडरा के आलीटोला में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सभी विभागों के अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने और उनका निराकरण करने पहुंचे थे। ग्रामीणों ने भी खुलकर अधिकारियों के सामने अपनी समस्याओं को रखा । शिविर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदर्श कांत शुक्ला, सहायक कलेक्टर आकाश अग्रवाल, किरनापुर एसडीएम मायाराम कोल, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी ओमप्रकाश, सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक जी पी बर्मन, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना ईकाई के महाप्रबंधक जौहरे, तहसीलदार, मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन यंत्री एवं अन्य विभागों के अधिकारी, जनपद सदस्य श्रीमती सरिता उईके, ग्राम पंचायत कंडरा के सरपंच नोहर बागड़े उपस्थित थे।

प्रदर्शन | खाद व बीज मामले को लेकर विधानसभा के समक्ष किया प्रदर्शन

किसानों को खाद उपलब्ध कराने में असमर्थ है सरकार : अनुभा

नवभारत, बालाघाट। बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे ने प्रदेश सरकार पर किसानों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुये कहा कि वर्तमान में किसानों को रासायनिक खाद यूरिया व डीएपी की जरूरत है। लेकिन किसानों को खाद नहीं मिल रही है और किसान खाद के लिये परेशान हो रहे है। किसानों को कही से कोई संतोषप्रद जानकारी नही मिल रही है। किसानों को बाजार में व्यापारियों के यहां से खाद की महंगे दर पर खरीदी करनी पड़ रही है। विधायक ने कहा कि यह सरकार पूंजीपतियों व व्यापारियों की है। सोसायटियों में खाद उपलब्ध कराने के बजाय व्यापारियों के गोदाम में खाद भर रही है। खाद का जो रेशो तय किया गया है उसमें भी सरकारी उपक्रम को कम और निजी कारोबारियों को अधिक खाद उपलब्ध करायी जा रही है। जिनके द्वारा गोदाम में भंडारित कर महंगे दामों में किसानों को बेची जा रही है। विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा कि किसानों से इस सरकार को कोई सरोकार नहीं है। बल्कि किसानों को नकली खाद व बीज उपलब्ध करा रही है। बालाघाट जिला कृषि प्रधान जिला है। प्रदेश के अन्य जिलों की तरह यहां पर भी खाद की मारा मारी है। किसान खाद के लिये भटक रहे है। किसानों को खाद उपलब्ध नहीं हो रही है।

जिसके लिये प्रदेश की डॉक्टर मोहन यादव की सराकर पूरी तरह से जिम्मेवार है। विधायक अनुभा मुंजारे ने बताया कि वर्तमान में मानसून सत्र चल रहा है और इस सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायक दल द्वारा सरकार को विविध मुददों पर जगाने का कार्य किया जा रहा है। खाद को लेकर भी जगाने का प्रयास किया गया। विधानसभा के समक्ष खाद की बोरियों व नैनो खाद के डिब्बा लेकर प्रदर्शन किया गया। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितैषी होने का दंभ भर रही है। लेकिन किसानों से किये गये उनकी धान उपज 3100 रूपये प्रति किंवटल की दर पर खरीदी करने का वादा अब तक पूरा नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा बालाघाट के प्रवास में किसानों को 4 हजार रूपये प्रति हेक्टेयर बोनस देने की घोषणा की गई थी। लेकिन उसे भी पूरा नहीं किया गया। अब जब किसान अपनी मेहनत से धान की फसल पका रहे है तो उन्हें अब खाद की उपलब्धता नहीं करायी जा रही है। किसान परेशान हो रहे और महंगे दर पर बिचौलिये के माध्यम से खाद खरीदी करने मजबूर है। किसानों का सरकार सरेआम शोषण करा रही है। इस महंगाई के दौर में किसान हर तरह से पिस रहा और अपने खेती को घाटा होने के बावजूद संभालने का कार्य कर रहे है। सरकार दावा करती है कि हम खेती को लाभ का धंधा बनायेगे लेकिन ऐसा कुछ नहीं है।

किसानों को इस सरकार ने उसके हाल पर छोड़ दिया है। जिसकी जितनी निंदा की जाये व कम है। विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा कि मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के पाँचवें दिन कांग्रेस विधायक दल ने किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया था. उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में खाद और यूरिया की भारी किल्लत से किसान परेशान हैं। समय पर खाद न मिलने से फसलें प्रभावित हो रही हैं और किसान महंगे दामों पर खुले बाजार से खाद खरीदने को मजबूर हैं।

प्रदर्शन किसानों की बदहाली और सरकार की बेरुखी के खिलाफ

कांग्रेस विधायक दल ने प्रतीकात्मक रूप से खाद की बोरियाँ और नैनो यूरिया की बोतलें लेकर विधानसभा पहुँचा और प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन किसानों की बदहाली और सरकार की बेरुखी के खिलाफ किया गया था। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार न तो समय पर खाद-बीज उपलब्ध करा पा रही है, न ही सिंचाई और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाए दे रही है. समर्थन मूल्य की गारंटी भी सिर्फ कागज़ों में रह गई है। मुख्यमंत्री किसानों को केवल घोषणाओं और विज्ञापनों के भरोसे छोड़ चुके हैं। अनुभा मुंजारे ने कहा कि कांग्रेस किसानों की इस लड़ाई में उनके साथ खड़ी है.हम हर मंच पर उनकी आवाज़ उठाते रहेंगे।

दिल्ली की साइबर सेल ने ठग को पकड़ा

निवेश के नाम पर 58 लाख की लगाई चपत, कॉलेज में एडमिशन दिलाने सक्रिय है ठग

नवभारत, बालाघाट। कभी नौकरी और बड़े कॉलेज में एडमिशन के नाम पर कई लोगों से कथित तौर पर आर्थिक धोखाधड़ी कर चुके तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम धनकोषा के युवक को अब दिल्ली की सायबर सेल की साइबर यूनिट ने गिरफ्तार किया है. जिसे माननीय व्यवहार न्यायालय कटंगी के समक्ष पेश करने के बाद उसे सायबर सेल अपने साथ पूछताछ के लिए दिल्ली लेकर गई है. यह पूरी कार्रवाई बुधवार को हुई. धनकोषा निवासी कैलाश पिता पी.आर. ठाकरे को दिल्ली सायबर सेल ने 58 लाख रुपए के इन्वेस्ट फ्रॉड के नाम पर चिटिंग (निवेश के नाम पर धोखाधड़ी) के मामले में गिरफ्तार किया है. दिल्ली साइबर सेल के इंस्पेक्टर सुनील कुमार 05 सदस्यों के साथ तिरोड़ी थाने पहुंचे. उन्होंने यहां अपनी आमद देने की औपचारिक प्रक्रिया पूरी की और फिर धनकोषा पहुंचकर कैलाश ठाकरे की गिरफ्तारी की है. दिल्ली सायबर सेल ने इसी मामले में आगरा के एक आरोपी सीमांत राजौरा की भी गिरफ्तारी की है. आरोपी सीमांत को सायबर सेल तिरोड़ी थाना लेकर पहुंची थी।

मिली जानकारी अनुसार दिल्ली के विकासपुरी इलाके के रहने वाले प्रवीण पिता के.वी.राजू ने 5 अप्रैल 2025 को सायबर सेल में निवेश के नाम पर 58 लाख रुपए की धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज करवाई थी. जिसकी जांच करते हुए सायबर सेल की सायबर यूनिट तिरोड़ी तक पहुंची. इस मामले में करीब आधा दर्जन आरोपी बताएं जा रहे है. जिसमें आगरा का सीमांत, तिरोड़ी धनकोषा का सुनील ठाकरे और अन्य 04 आरोपी है जो फिलहाल फरार है और उनकी तलाश की जा रही है. सुनील ठाकरे के बारे में बताया जाता है कि वह पहले भी लोगों को नौकरी लगा देने और बड़े कॉलेजों में प्रवेश दिलाने के नाम पर लोगों को ठग चुका है. जिस कारण वह गांव छोड़कर प्रदेश की राजधानी भोपाल में निवास कर रहा था. अभी करीब 04 माह पूर्व ही धनकोषा आने की खबर सामने आई है. गांव से जानकारी उठाने पर पता चला कि सुनील ठाकरे ने पहले कई लोगों के साथ आर्थिक धोखाधड़ी की है. जिन लोगों के साथ धोखाधड़ी की गई वह लोग सुनील को पैसा लौटाने के लिए दबाव बनाते थे. जिस कारण सुनील ने गांव छोड़ दिया था और केवल तीज-त्यौहारों में ही अपने घर आता था तब भी लोग सुनील की तलाश करते हुए घर तक आ पहुंचते थे. खैर, धनकोषा जैसे गांव के युवक पर निवेश के नाम पर धोखाधड़ी का आरोप लगने और दिल्ली साइबर पुलिस की कार्रवाई के लिए पहुंचने पर गांव में हड़कंप मच गया।

इनका कहना है-

इन्वेस्ट फ्रॉड से जुड़ा हुआ मामला है. विकासपुरी दिल्ली के फरियादी ने शिकायत करवाई थी. इसी मामले में धनकोषा का कैलाश ठाकरे आरोपी है.

सुनील कुमार
इंस्पेक्टर साइबर सेल दिल्ली

परसवाड़ा की विद्युत समस्या को विधायक भगत ने सदन में उठाया

नवभारत, बालाघाट। बालाघाट- मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की विद्युत समस्याओं को लेकर विधायक मधु भगत ने ऊर्जा मंत्री से विस्तारपूर्वक जवाब मांगा। उन्होंने प्रश्न क्रमांक 1257 के माध्यम से परसवाड़ा क्षेत्र में ग्रामीणों द्वारा घरेलू विद्युत कनेक्शन के लिए जमा किए गए आवेदनों की स्थिति, अब तक जारी स्थायी कनेक्शनों की संख्या तथा बचे हुए आवेदनों की स्थिति की जानकारी मांगी।

विधायक भगत ने अपने प्रश्न में यह भी पूछा कि जिन आवेदकों ने सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली हैं, उन्हें अब तक स्थायी कनेक्शन क्यों नहीं मिले हैं? साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि विद्युत पोल और कनेक्टिविटी की कमी के कारण विद्युत आपूर्ति में विलंब हो रहा है। उन्होंने क्षेत्र में जारी विद्युत कटौती की समस्या को उठाते हुए कृषकों को हो रही परेशानियों का विशेष रूप से उल्लेख किया।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जवाब में बताया कि जिन आवेदनों की समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जा चुकी हैं, ऐसे मामलों में स्थायी कनेक्शन दिए जा चुके हैं, और वर्तमान में कोई भी ऐसा लंबित आवेदन नहीं है। बालाघाट जिले में मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीन कार्यरत लोक सेवकों द्वारा संबंधित जानकारी विधानसभा पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में उपलब्ध है।

मंत्री ने बताया कि परसवाड़ा क्षेत्र के अंतर्गत 11 केवी गैर-कृषि फीडरों पर औसतन प्रतिदिन 22.53 घंटे एवं 11 केवी कृषि फीडरों पर औसतन 9.22 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। कुछ मौकों पर विद्युत लाइनों के रखरखाव, पूर्व निर्धारित शटडाउन या प्राकृतिक आपदाओं जैसी अपरिहार्य स्थितियों के चलते आपूर्ति बाधित होती है, किंतु इसे शीघ्र सुधार कर सामान्य किया जाता है।

उन्होंने कहा कि शटडाउन से पूर्व इसकी सूचना उपभोक्ताओं को समाचार पत्र एवं अन्य माध्यमों के जरिए दी जाती है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रदेश में सभी घरेलू एवं गैर-कृषि उपभोक्ताओं को 24 घंटे और कृषि उपभोक्ताओं को औसतन 10 घंटे बिजली आपूर्ति का प्रावधान है।

विधायक मधु भगत द्वारा यह मुद्दा उठाए जाने से परसवाड़ा क्षेत्र की जनता की वर्षों पुरानी शिकायतों को सदन में स्थान मिला है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि विभागीय घोषणाओं के अनुरूप बिजली आपूर्ति और बचे हुए कार्यों की गति को कितनी गंभीरता से अमल में लाया जाता है।

बालाघाट को मिला नि :शुल्क शव वाहन

बालाघाट। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा 28 जुलाई को भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के समस्त जिलों के लिए निःशुल्क शव वाहन सेवा का शुभारंभ किया गया है। शासकीय अस्पताल में उपचार के दौरान या अन्य किसी कारण से मरीज की मृत्यु हो जाने पर शोकाकुल परिवार को दिवंगत व्यक्ति का शव उसके घर तक पहुंचाने की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध होगी।सेवा के संकल्प के अंतर्गत जिला चिकित्सालयों के लिए दो वाहन और चिकित्सा महाविद्यालयों वाले जिलों के लिए चार शव वाहन की व्यवस्था करते हुए प्रदेश में कुल 148 शव वाहनों का संचालन प्रारंभ किया गया है। इस व्यवस्था से परिवहन सुविधा प्राप्त होने पर दिवंगत व्यक्ति की देह को ससम्मान गंतव्य स्थान तक पहुंचाने में सुविधा होगी।

कार्यालय ग्राम पंचायत करियादंड जनपद पंचायत किरनापुर जिला पंचायत बालाघाट

क्रमांक/Q/ग्रा.पं./2025 | **निविदा सूचना** | दिनांक : 31/07/2025

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत **करियादंड** जनपद पंचायत **किरनापुर** के आगनबाड़ी भवन ग्राम **नेवरगावखुर्द** में वर्ष 2025-26 में मनरेगा योजना, सांसद निधी, विधायक निधी, पंच परमेश्वर योजना 15 वां वित्त, 5वां वित्त, राज्य वित्त, **महिला बाल विकास मद** एवं अन्य मदों से कराये जाने वाले कार्यों के लिए सामग्री लोहा, सीमेंट, गिट्टी, रेती आदि क्रय किया जाना है। इस हेतु **दिनांक 31/07/2025 से 05/08/2025** तक मटेरियल सप्लायरों से निविदा आंमत्रित की जाती है। निविदा कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत में सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जावेगा।

सरपंच	उपसरपंच	सचिव	रोजगार सहायक
श्रीमति सरोजनी राजेश पांचे	पवन लिल्हारे	अर्जुनबाहे	देवेन्द्र रांहगडाले

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत करियादंड जनपद पंचायत किरनापुर

माता-पिता पर विश्वास यह श्रद्धा है : डॉ . वानखेडे

दि बुद्धिस्ट सोसायटी का किरनापुर में अंधश्रद्धा निर्मूलन शिविर

किरनापुर ।तहसील शाखा द्वारा मुख्यालय के शाक्यमुनी बुद्धविहार में आज शनिवार दिनांक 02.08.2025.सुबह बारा से पाच बजे तक अंधश्रद्धा निर्मूलन शिबिर संपन्न हुवा। इस कार्यक्रम में प्रमुख मार्गदर्शक आद बी एच गायकवाड राष्ट्रीय सचिव मप्र राज्य के पालक मंत्री डॉ.एड.एस एस वानखेडे सर केंद्रीय प्रशिक्षण प्रभाग के प्रमुख उपस्थिती और अतीथी आद. गौतम पाटील, राष्ट्रीय संघटक,डॉ.चरनदासजी ढेगंरे अध्यक्ष मप्र राज्य शाखा आद. मनोज निकोसे सचिव मप्र कार्यक्रम के अध्यक्ष दुरेन्द्र सावनकर अध्यक्ष किरनापुर थे।

इस अवसर पर अतिथि के रूप में जिला शाखा से खुशियाल मेश्राम,सचिव अशोक कुमार मेश्राम-आर डी देशभरतार,संगठक बी एल घल्लेकर, तह महासचिव विनय चौरे,कोषाध्यक्ष गौतम भीमटे , उपाध्यक्ष हरिचंद्र गौरकर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे शिबीर में श्रद्धा अंधश्रद्धा. अंधश्रद्धा एक सामाजिक समस्या.राशी भविष्य यह शास्त्र है क्या बाबा बुवा के प्रकार और प्रात्यक्षिके आदि विषयो पर बी एच गायकवाड.एस एस वानखेडेजी ने मार्गदर्शन किया डॉ वानखेडेजी ने बताया कि माता पिता पर विश्वास यह श्रद्धा है।

पीजी कॉलेज में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

नवभारत, बालाघाट। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्राणेश कुमार प्राण के मुख्य आतिथ्य में पीएम श्री जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ न्यायाधीश श्री प्राण द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

शिविर में न्यायाधीश श्री प्राण द्वारा विधि के छात्र-छात्राओं को समझाईश दी गई कि विधि मानव जीवन को नियमित अनुशासित करने के लिए निर्मित की गई है। विधि के छात्रों को विधि का अध्ययन करने के साथ धरातल पर जानने की भी जरूरत है कि विधि के प्रावधानों का कैसे, कहाँ और क्यूं प्रयोग किया जाता है, क्योंकि हमारे दैनिक जीवन की गतिविधियों में कई स्थानों में विधि

के प्रावधानों को जीवंत रूप से देखा जा सकता है। उन्?होंने कहा कि विधि के क्षेत्र में कदम रखना केवल ज्ञान प्राप्त करना नही बल्कि नैतिक सिद्धांतों को आत्मसात करना भी है, जो एक सफल और सम्मानित कानूनी पेशेवर के करियर की नींव रखते है। एक विधि के छात्र से एक कानूनी पेशेवर बनने तक की यात्रा में अनुशासन एवं नैतिकता का पालन करना अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

शिविर में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और एमसीपीसी द्वारा शुरू किए गए 'राष्ट्र के लिए मध्यस्थता' 90-दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान के बारे में भी जानकारी देते हुए मध्यस्थता के लाभ से अवगत कराया गया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीष कुटूम्ब न्यायालय श्री पदमेश शाह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सतीष शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती शिखा शर्मा, श्रीमती शीनी जैन, श्री शुभम जैन, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीतेन्द्र मोहन धुर्वे, प्रभारी प्राचार्य एवं वरिष्ठ प्राध्यापकगण, लीगल एड डिफेंस काउंसिल स्टॉफ एवं विधिक के छात्र-छात्रा? उपस्थित रहे।